दिनांक :19.05.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

तिरंगा यात्राएं

ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपने शौर्य और पराक्रम से वीरता की अप्रतिम गाथा रचने वाले भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में प्रदेश के सभी जिलों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। तिरंगे के मान-सम्मान के लिए जोश, उत्साह और उमंग के साथ इन यात्राओं में जनप्रतिनिधि, धर्म गुरु, विद्यार्थी और विभिन्न वर्गों का जनसैलाब देश की एकता और अखंडता को प्रतिबिंबित कर रहा है। धार से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज शाम विशाल मातृशक्ति वाहन तिरंगा रैली निकाली जाएगी। इससे पहले कल नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा अशोकनगर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला भारतीय सेना के पराक्रम एवं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मुंगावली में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से

एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।

चौहान-विकसित कृषि अभियान

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान इस महीने की 29 तारीख से शुरू होगा और 12 जून तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी उन्नत तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी प्रदान कराना है। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा देशभर के 723 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा और इससे लगभग डेढ़ करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों का एक दल लगभग 65 हजार गांव में जाएगा और किसानों को वैज्ञानिक कृषि की व्यावहारिक जानकारी देगा। जिला स्तर पर प्रत्येक दल प्रतिदिन तीन बैठकें करेगा।

सिंधिया-शिलान्यास

शिवपुरी जिले के दौरे के दौरान केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल रेपी नदी पर बने 150 मीटर लंबे पुल का लोकार्पण किया। श्री सिंधिया ने कहा कि यह पुल केवल पवा का पुल नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के गांवों और दिलों को जोड़ने का प्रतीक है। इस पुल के निर्माण से पूर्व में 70 किलोमीटर की दूरी को घटाकर मात्र 12 किलोमीटर कर दिया गया है, जिससे कोलारस, पोहरी और शिवपुरी के बीच आवागमन सुगम हुआ है।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में आंधी-बारिश के बीच तेज गर्मी का दौर भी शुरू हो गया है। अरब सागर में बने चक्रवात के प्रभाव से कुछ जिलों में रुक-रुककर बारिश हो रही है तो वहीं ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में अगले 2 दिन तेज गर्मी रहेगी। यहां के 8 जिलों में लू का अलर्ट है। वहीं, चार सिस्टम की वजह से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम संभाग में आंधी और बारिश का दौर रहेगा। दो दिन बाद फिर मौसम का मिजाज बदलेगा, 21 और 22 मई को पूरे प्रदेश में 30 से 50Km प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

संक्षिप्त समाचार

छतरपुर जिले में नेहरू युवा केंद्र एवं जनअभियान परिषद के 102 सदस्यों ने सिविल डिफेंस वालेंटियर का प्रशिक्षण दिया गया।

शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आज से आगरमालवा जिले के नलखेड़ा में विकासखंड स्तरीय शिविर जनपद शिक्षा केन्द्र पर आयोजित किया गया है। 24 मई तक चलने वाले इस शिविर में संकुल एवं विकासखंड स्तरीय समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम ने पचमढ़ी को प्लास्टिक मुक्त बनाने की ठोस पहल की है। 30 लाख रुपयों से अमलतास होटल में आरओ-आधारित बॉटलिंग यूनिट लग रही है, जो सैलानियों को 500 मिली की कांच-बोतल में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएगी। बाद में इसकी क्षमता बढ़ाकर एक और दो लीटर की जाएगी।